मन फिराओ या नाश हो जाओ!

लूका 13:1-5

एक दिन जब यीशु लोगों को सिखा रहा था, तो कुछ ''गलीलियों'' का समाचार आया, ''जिन का लोहू पिलातुस ने उन्हीं के बलिदानों के साथ मिलाया था'' (लूका 13:1)। हम पक्का नहीं कह सकते कि ये गलीली कौन थे,[1] पर मसीह के सुनने वालों ने स्पष्टतया यही माना कि वे इतने बुरे थे कि उनकी मृत्यु ऐसे ही होनी चाहिए थी। यीशु ने उनसे कहा, ''क्या तुम समझते हो, कि ये गलीली और सब गलीलियों से पापी थे कि उन पर ऐसी विपत्ति पड़ी? मैं तुम से कहता हूं, कि नहीं; परन्तु यदि तुम मन न फिराओगे तो तुम सब भी इसी रीति से नाश होगे'' (आयतें 2, 3)। फिर प्रभु ने इसी बात पर ज़ोर देने के लिए एक और उदाहरण दिया: ''या क्या तुम समझते हो, कि वे अठारह जन जिन पर शीलोह का गुम्मट गिरा, और वे दब कर मर गए: यरूशलेम के और सब रहने वालों से अधिक अपराधी थे? मैं तुम से कहता हूं कि नहीं; परन्तु यदि तुम मन न फिराओ तो तुम भी सब इसी रीति से नाश होगे'' (आयत 4, 5)।[2]

बाइबल में कुछ ही आयतें हैं, जो शब्द-शब्द करके दोहराई गई हैं, पर लूका 13 में ये दो आयतें हैं।[3] आयत 3 में कहा गया है, ''मैं तुम से कहता हूं, कि नहीं; परन्तु यदि तुम मन न फिराओगे तो तुम सब भी इसी रीति से नाश होगे।'' आयत 5 में भी हम पढ़ते हैं, ''मैं तुम से कहता हूं कि नहीं; परन्तु यदि तुम मन न फिराओ तो तुम भी सब इसी रीति से नाश होगे।'' ऐसे दोहराव से यही सुझाव मिलता है कि पवित्र आत्मा यह सुनिश्चित करना चाहता था कि हम मन फिराओ या नाश हो जाओ! की अनदेखी न करें।

''यदि तुम मन न फिराओ ...''

मन फिराव की मांग की गई

पुराने[4] और नये दोनों नियमों में मन फिराव की आवश्यकता पर ज़ोर दिया गया है। जब यूहन्ना बपतिस्मा देने वाला प्रचार करता हुआ आया कि राज्य निकट आया है, तो वह अपने सुनने वालों से मन फिराने का आग्रह कर रहा था (मत्ती 3:2)। यीशु और उसके प्रेरितों ने भी यही समझाया (मत्ती 4:17; मरकुस 6:12)। प्रभु के ग्रेट कमीशन में सुनाए

जाने वाले संदेश में मन फिराव भी शामिल था (लूका 24:47)।[5] सुसमाचार पूरी भरपूरी से सुनाना आरम्भ करने के समय, पापियों को मन फिराने के लिए कहा गया था (प्रेरितों 2:38; 3:19, 26; 17:30, 31)।

सुझाव दिया गया है कि बाइबल मन फिराव पर बहुत ज़ोर देती है, क्योंकि लोगों को परमेश्वर की यह आज्ञा सबसे कठोर लगती है। बहुत से लोगों को प्रमाण समझ आ जाने पर विश्वास करने में कठिनाई नहीं होती। उदाहरण के लिए, अमेरिका में हुए सर्वेक्षण से संकेत मिलता है कि 90 प्रतिशत अमेरिकी परमेश्वर में विश्वास रखते हैं और इनमें से भी अधिकतर यीशु में विश्वास रखते हैं।[6] इसके अलावा सच्चे मन से मन फिराने के बाद लोगों को परमेश्वर की आज्ञाएं मानने में बड़ी कठिनाई नहीं होती। परन्तु मन फिराव ही कठिन है– सचमुच कठिन है!

मन फिराव कम से कम दो कारणों से कठिन है। पहले तो, मन फिराव की आवश्यकता हमारे *अभिमान* पर चोट करती है क्योंकि लोग अभिमान या घमण्ड से भरे हुए हैं।[7] दूसरा, जैसा कि हम देखेंगे, सच्चे मन फिराव के लिए जीवन शैली में परिवर्तन होना आवश्यक है– और हमें बदलना अच्छा *नहीं* लगता। इसलिए हम में से अधिकतर लोगों को मन फिराना कठिन लगता है। जे. डब्ल्यू. मैक्गर्वे ने लिखा है, ''लोगों के उद्धार में सबसे बड़ी रुकावट मानवीय इच्छा का हठधर्म है।''[8]

मन फिराव का अर्थ

आगे बढ़ने से पहले, हमें यह समझ लेना चाहिए कि मन फिराव है क्या। धार्मिक लोग[9] अक्सर ''मन फिराव'' का अर्थ ''पाप करने पर मैं शर्मिंदा हूं'' के रूप में लेते हैं। यह सच है कि बिना पिछले पापों का पछतावा किए मन फिराव नहीं हो सकता, पर पापों के लिए शोक मन फिराव के समान नहीं है। बिना मन फिराए भी कोई शोकित हो सकता है।

इस दृश्य की कल्पना करें। (आप में से कोई अवश्य ऐसा होगा!) एक मां अतिथियों के लिए पकौड़े बनाती है और गर्मा-गर्म पकौड़े रसोई में एक प्लेट में सजा देती है। वह अपने छोटे बेटे को सावधान करती है, ''इन्हें हाथ न लगाना!'' गर्मा-गर्म पकौड़ों की खुशबू उसे खींच लाती है। थाली आधी भरी हुई है, आधा खाया हुआ पकौड़ा लड़के के हाथ में है, और उसका मुंह देखकर पता चल रहा है कि वह अपनी गलती पर पछता रहा है। क्या वह लड़का दुखी है: हां, वह दुखी है कि पकड़ा गया। वह अपने साथ हुए हादसे से दुखी है, क्योंकि उसने अपनी मां की बात नहीं मानी थी। यदि मां कल फिर और पकौड़े बनाए तो क्या होगा? क्या यही बात फिर दोहराई जाएगी? हो सकता है। क्यों? क्योंकि लड़का *दुखी* तो हुआ था, पर उसने *मन* नहीं *फिराया* था।

मुझे गलत न समझें। किए जाने वाले पाप पर शोकित या दुखी होना बहुत ही आवश्यक है। वास्तव में यह आवश्यक है, जिसे मैं ''मन फिराने की प्रक्रिया'' कहूंगा। परन्तु शोक के लाभदायक परिणाम में बदलने से पहले यह एक *विशेष प्रकार* का शोक होना चाहिए। 2 कुरिन्थियों 7:9, 10 उपयुक्त पद है। अपनी पिछली पत्री वाली डांट की बात करते हुए, पौलुस ने लिखा है:

> अब मैं आनन्दित हूं पर इसलिए नहीं कि तुम को शोक पहुंचा वरन इसलिए कि तुम ने उस शोक के कारण मन फिराया, क्योंकि तुम्हारा शोक परमेश्वर की इच्छा के अनुसार था, कि हमारी ओर से तुम्हें किसी बात में हानि न पहुंचे। क्योंकि परमेश्वर-भक्ति का शोक ऐसा पश्चात्ताप उत्पन्न करता है, जिस का परिणाम उद्धार है और फिर उस से पछताना नहीं पड़ता: परन्तु संसारी शोक मृत्यु उत्पन्न करता है।

कई बार लोग शोकित होने का दावा करते हैं कि उन्होंने पाप किया है, पर उनका शोक या दुख ''संसारी शोक'' होता है। हो सकता है कि वे इसलिए शोकित हों कि पकड़े गए या उन्हें अपने कामों के परिणाम भुगतने पड़े, जबकि वास्तव में उन्होंने मन नहीं फिराया।[10] इसके विपरीत वह शोक है, जो ''परमेश्वर की इच्छा के अनुसार'' है। इसे ''परमेश्वर भक्ति का शोक'' भी कहा गया है। ''परमेश्वर भक्ति का शोक'' क्या है? जिमी ऐलन ने लिखा है:

> यदि मैं सही समझता हूं, तो परमेश्वर को ठेस पहुंचाने के कारण दुख और शोक हमारे मनों में आता है। हमें इसका दण्ड दिया जाए या न, पर हम इस पर शोकित होते हैं। हम ने परमेश्वर का महान हृदय पैरों तले कुचल दिया है। यह जानकर कि हमने उसके साथ दुर्व्यव्यहार किया और हमने उसे ठेस पहुंचाई है हमारे मन दुखी होते हैं।[11]

पौलुस ने कहा कि *ऐसा* शोक ''पश्चात्ताप उत्पन्न करता है''-यानी यह स्वयं पश्चात्ताप *नहीं* है, बल्कि पश्चात्ताप को *उत्पन्न करता* है। जब पतरस ने पिन्तेकुस्त के दिन यीशु के बारे में बताया था (प्रेरितों 2:14-36), तो उसके बहुत से सुनने वालों के ''हृदय छिद गए'' थे (प्रेरितों 2:37); वे अपने पापों के प्रति निरुत्तर हो गए थे। हम कह सकते हैं कि वे *शोकित* थे कि उन्होंने यीशु को क्रूस पर चढ़ाया था। तौ भी, इसके बावजूद उन्हें बताया गया कि उनके लिए *मन फिराना* आवश्यक था (प्रेरितों 2:38)। पापों के कारण शोक को पश्चात्ताप नहीं कहा जा सकता है।

धार्मिक लोग जो मन फिराव का अर्थ ''पाप करने के कारण शोकित होना'' के रूप में नहीं करते, इस परिभाषा का सुझाव देते होंगे: ''इसका अर्थ है कि आप वह करना बन्द कर दें, जो गलत है और वह करने लगें, जो सही है।''[12] ''मन फिराव की प्रक्रिया'' में जीवन का बदलना एक और अनिवार्य कारक है, पर जीवन का बदलना ही अपने आप में मन फिराव नहीं है। हो सकता है कि किसी ने जीवन तो बदल लिया हो पर मन न फिराया हो। किसी को यह समझ आ जाए कि उसकी जीवनशैली गड़बड़ वाली और अपमानजनक है और वह मन फिराए बिना उसे बदलने का निश्चय कर ले। उसके इस परिवर्तन का उद्देश्य मन का शोक नहीं कि उसने परमेश्वर की आज्ञा को तोड़ा है, बल्कि घमण्ड है।

फिर, मुझे गलत न समझें। जीवन का बदलना महत्वपूर्ण ही नहीं, आवश्यक भी है। बाइबल सिखाती है कि ऐसा बदलाव सच्चे मन फिराव के *कारण* ही होता है। यूहन्ना बपतिस्मा देने वाले ने अपने सुनने वालों से कहा था, ''सो मन फिराव के योग्य फल

लाओ'' (लूका 3:8क)। उसके मन में ''फल'' का अर्थ उनके जीवन का बदलना था (देखें लूका 3:10-14)। यीशु ने कहा कि ''नीनवे के ... लोगों ने योना का प्रचार सुनकर, मन फिराया ...'' (मत्ती 12:41)। हमें कैसे मालूम कि उन्होंने मन फिराया था? क्योंकि ''वे कुमार्ग से फिर रहे'' थे (योना 3:10)।[13] यदि कोई *कहता है* कि उसने अपने पाप पूर्ण ढंगों से मन फिरा लिया है, पर उसके जीवन में कोई बदलाव नहीं दिखाई देता तो लोग हैरान होंगे कि उसने मन फिराया भी है या नहीं।

हां, ''मन फिराव की प्रक्रिया'' के लिए जीवन का बदलना आवश्यक है। सच्चे मन फिराने से ऐसा ही परिवर्तन आएगा।[14] पर जीवन में सुधार को मन फिराना नहीं कहा जा सकता। फिर प्रश्न उठता है, ''यदि मन फिराना पाप के लिए शोकित होना नहीं है और गलती करने से मुड़ना नहीं है, तो फिर यह *है* क्या?'' मैं एक संक्षिप्त शब्द अध्ययन जोड़ता हूं:

> ''मन फिराव'' का अनुवाद मिश्रित यूनानी शब्द (*metanoeo*) से हुआ है, जो ''पश्चात'' (*meta*) के साथ ''विचार'' (*noema*) के लिए शब्द को मिलाता है। इसका मूल अर्थ ''पश्चात-विचार'' अर्थात बाद का विचार है और इससे किसी के विचार को *बदलने* का संकेत मिलता है। मनुष्य के लिए लागू करने पर, मन फिराना सामान्यतया ''*पाप* के प्रति मन को बदलने'' अर्थात सामान्य अर्थ में पाप बन्द करने का निर्णय लेने और/या विशेष अर्थ में पाप करना बन्द करने का निर्णय है।

आइए ''मन फिराव की प्रक्रिया'' की समीक्षा करते हैं। परमेश्वर भक्ति का शोक मन फिराव उत्पन्न करता है, जो *मन* या व्यवहार *का बदलना* है। वह *मन का बदलना,* अवश्य ही जीवन के बदलने का कारण होगा।[15] यीशु ने एक बार एक कहानी बताई थी, जिससे इस प्रक्रिया की समझ आती है।[16] मत्ती 21 में उसने एक आदमी की बात बताई, जिसने अपने एक बेटे के पास जाकर कहा, ''हे पुत्र, आज दाख की बारी में काम कर'' (आयत 28)। पुत्र ने कहा, ''मैं नहीं जाऊंगा'' (आयत 29क)-पर फिर ''पीछे *पछताकर* गया'' (आयत 29ख)। NIV में कहा गया है कि ''बाद में *उसने अपना मन बदला* और गया।[17]''[18]

ऐलन ने सुझाव दिया कि मन फिराव को संक्षिप्त करने वाला सबसे अच्छा शब्द ''आत्मसमर्पण'' है।

> आप अपनी स्वार्थी अभिलाषाओं से जीवन की आकांक्षाओं और लक्ष्यों से मर जाते हैं। आप जो कुछ हैं उसे जो कुछ आपके पास है और जो कुछ भविष्य में आपके पास कभी होगा, उस सबको लेकर आप सर्वशक्तिमान परमेश्वर को बलिदान करने की वेदी पर भेंट कर देते हैं। आप विद्रोह के हथियार डाल देते हैं। आप प्रभु के सामने आत्मसमर्पण कर देते हैं।[19]

''... तुम भी इसी रीति से नाश होगे''

विश्वव्यापी परिणाम

क्या अपने आप को प्रभु को सौंपना सचमुच आवश्यक है? यदि हम अपने पापों से मन *न* फिराने का निर्णय लें तो? यीशु के वाक्य का अन्तिम भाग देखें: ''मैं तुम से कहता हूं, कि नहीं; परन्तु यदि तुम मन न फिराओगे तो *तुम सब भी इसी रीति से नाश होगे*'' (लूका 13:3)। ''सब'' शब्द पर ध्यान दें। यीशु के सुनने वालों ने यह सोचा था कि उनके पाप उतने बुरे नहीं थे, जितने उन गलीलियों के, जिन्हें पिलातुस ने मार डाला था। परन्तु यीशु उन्हें बताना चाहता था कि पाप तो पाप है और हर पाप सर्वशक्तिमान परमेश्वर का अपमान है।[20]

'' *सब* ने पाप किया है'' (रोमियों 3:23); इसलिए *सब* के लिए मन फिराना आवश्यक है। मन फिराना मसीही बनने का **एक आवश्यक भाग तो है ही** (प्रेरितों 2:38; 3:19), विश्वासी मसीही बने रहने का भी आवश्यक भाग है (प्रेरितों 8:22; 2 कुरिन्थियों 7:9, 10; इब्रानियों 6:6)।[21] पौलुस ने कहा था, ''परमेश्वर अज्ञानता के समयों से आनाकानी करके, अब *हर जगह सब मनुष्यों को* मन फिराने की आज्ञा देता है'' (प्रेरितों 17:30)।

चलते रहने वाले परिणाम

यदि कोई प्रभु की आज्ञा मानने को तैयार न हो तो? यीशु ने स्पष्ट कहा कि ''यदि तुम मन न फिराओगे, तो तुम सब भी इसी रीति से *नाश* होगे'' (लूका 13:3, 5)। मुझे नहीं लगता कि वह अपने सुनने वालों को यह बता रहा था कि यदि वे मन नहीं फिराते तो उन पर कोई खम्भा गिरेगा या पिलातुस उन्हें भी वैसे ही मरवा देगा। निश्चय ही प्रभु के मन में पश्चात्ताप न करने के *आत्मिक* परिणाम थे। एक और जगह, मसीह ने कहा था, ''जो शरीर को घात करते हैं, पर आत्मा को घात नहीं कर सकते, उनसे मत डरना। पर उसी से डरो जो आत्मा और शरीर दोनों को नरक में नाश कर सकता है'' (मत्ती 10:28)।

पिछले समय में, एक प्रसिद्ध शिक्षा में दावा किया जाता था कि परमेश्वर लोगों के मनों में मोहक आत्मिक प्रभाव भेजता है, जो उन्हें मन न फिराने को विवश करता है।[22] यदि यह सच है, तो सारे संसार को मन फिराना होगा, क्योंकि ''परमेश्वर किसी का पक्ष नहीं करता'' (प्रेरितों 10:35)। वह ''नहीं चाहता, कि *कोई* नाश हो; वरन यह कि *सबको* मन फिराने का अवसर मिले'' (2 पतरस 3:9)। परमेश्वर चाहता है कि हर कोई मन फिराए, पर मन फिराने का निर्णय लेना *हमारा* अपना ही होगा। हमें मन फिराने को प्रोत्साहित करने के लिए, प्रभु दो मुख्य प्रेरणाओं का इस्तेमाल करता है।

पहली *उसकी भलाई की मनोहर कहानी* है। पौलुस ने लिखा है, ''क्या तू उसकी कृपा, और सहनशीलता, और धीरज रूपी धन को तुच्छ जानता है? और क्या यह नहीं समझता, कि परमेश्वर की कृपा तुझे मन फिराव को सिखाती है?'' (रोमियों 2:4)। मैक्गर्वे ने लिखा है:

> क्या कभी कोई पापी, जो परमेश्वर को जानता है, जो नये नियम के प्रकाशनों से परिचित है, बैठकर परमेश्वर की, जिसने उसे बनाया, दयालुता पर, उन सभी अनुग्रहों पर, जो उसने उसके बचपन से लेकर उस पर किए हैं; इस तथ्य पर कि परमेश्वर ने उसके उद्धार का मार्ग उपलब्ध कराया है; कि वह उसे उसके पापों से

> मुड़ने और मसीह में मिलने वाली शांति, विश्राम में आने का निमंत्रण देता और अनन्तकाल के अर्थात महिमा और आनन्द और सम्मान के अनन्तकाल के फाटक खोल रहा है, विचार करता है-क्या कभी किसी ने इस पर अपने पापी होने से घृणा किए बिना विचार किया है।[23]

परन्तु, परमेश्वर लोगों को मन फिराव के लिए लाने की कोशिश करने के लिए *अपने क्रोध की दुखद सच्चाई* का भी इस्तेमाल करता है। रोमियों को यह बताने के बाद कि ''परमेश्वर की कृपा तुझे मन फिराव को सिखाती है'' पौलुस ने लिखा:

> पर अपनी कठोरता और हठीले मन के अनुसार उसके क्रोध के दिन के लिए, जिस में परमेश्वर का सच्चा न्याय प्रगट होगा, अपने निमित्त क्रोध कमा रहा है। वह हर एक को उसके कामों के अनुसार बदला देगा (रोमियों 2:5, 6)।

नाश होने के बारे में अपने सुनने वालों को चेतावनी देकर यीशु इसी प्रेरणा का इस्तेमाल कर रहा था। कुछ लोगों का विचार है कि नरक के बारे में बात करके हमें अपने सुनने वालों को आज्ञा मानने के लिए ''डराने'' की कोशिश नहीं करनी चाहिए। यदि आपको ऐसा लगता है तो इस पर विचार करें: यीशु ने परमेश्वर की प्रेरणा पाए हुए किसी भी अन्य वक्ता या लेखक से अधिक नरक के बारे में कहा था। हमें आज्ञा न मानने के परिणामों पर विचार करना अच्छा नहीं लगता, पर इसके बिना बात भी नहीं बनेगी!

सारांश

स्वर्ग तैयार लोगों के लिए तैयार किया हुआ स्थान[24] है, और नरक भी इसी तरह ही है।[25] इस समय आप दोनों में से एक में जाने की तैयारी कर रहे हैं। क्या आप स्वर्ग में जाने को तैयार हैं-या आपको अपने मन और जीवन में पापों से मन फिराने की आवश्यकता है?

यीशु ने एक नगर के लोगों को डांटते हुए एक बार कहा था, ''... न्याय के दिन तेरी दशा से सदोम के देश की दशा अधिक सहने योग्य होगी'' (मत्ती 11:24)। क्यों? क्योंकि जिन्हें यीशु ने सिखाया था, उन्हें सदोम के लोगों से बड़ा अवसर मिला था-तौ भी उन्होंने उन अवसरों को ठुकरा दिया था। आपको अहसास न हो, पर आज आप एक नाज़ुक जगह पर बैठे हैं। आपको यीशु द्वारा दिए गए विकल्पों को जानने का सौभाग्य मिला है कि मन फिराओ या नाश हो जाओ। यदि आप मन नहीं फिराते तो आप नाश हो जाएंगे-आपके पास कोई बहाना नहीं होगा।

एक व्यक्ति के बारे में, प्रभु ने कहा था, ''मैंने उसको मन फिराने के लिए अवसर दिया, पर वह अपने व्यभिचार से मन फिराना नहीं चाहती'' (प्रकाशितवाक्य 2:21)। अभी, परमेश्वर आपको ''मन फिराने का समय'' दे रहा है। मेरी प्रार्थना है कि आपके विषय में यह न कहा जाए कि ''वह मन फिराना नहीं चाहती [या चाहता]।'' यदि आपने अभी मन नहीं फिराया, तो *आज* ही समय है।[26]

टिप्पणियां

[1]वे गलीली कौन थे, की सम्भावनाओं के लिए, ''मसीह का जीवन, भाग 6'' में ''पुन्तियुस पिलातुस (और यीशु की मृत्यु)'' पाठ देखें। [2]सामान्य तौर पर लूका 13:1-5 पर चर्चा के लिए, ''मसीह का जीवन, भाग 4'' में ''नई व पुरानी बातें'' पाठ देखें। [3]दूसरी दो ये हैं: नीतिवचन 14:12 और 16:25. [4]उदाहरण के लिए, देखें 1 राजा 8:47; यहेजकेल 14:6; 18:30. अनुक्रमणिका (कंकॉर्डंस) में अन्य उदाहरण मिल जाएंगे। [5]ग्रेट कमीशन में लूका 24:47 के स्थान के लिए, इस पुस्तक में पहले आए पाठ ''अलविदा और स्वागत'' पर विचार करें। [6]इसका अर्थ यह नहीं कि इन सभी का परमेश्वर और यीशु के बारे में विश्वास *सही* ही है, बल्कि कम से कम वे इतना विश्वास तो करते हैं कि परमेश्वर का अस्तित्व है और यह कि यीशु, किसी अर्थ में परमेश्वर का पुत्र है। [7]घमण्ड के पाप पर कुछ आयतें ये हैं: नीतिवचन 16:18; 29:23; 1 यूहन्ना 2:16. [8]जे. डब्ल्यू. मैक्गार्वे, *सरमन्स* (सिंसिनटी: स्टैंडर्ड पब्लिशिंग कं., 1893; रीप्रिंट, तिथि नहीं), 97. [9]यदि आप *अ*-धार्मिक लोगों से ''मन फिराव'' का अर्थ पूछें, तो बहुत से लोग उत्तर नहीं देंगे। [10]कई उदाहरणों का इस्तेमाल किया जा सकता था: जेलें ऐसे लोगों से भरी पड़ी हैं, जो इस बात पर शर्मिंदा हैं कि वे पकड़े गए; जब वे बाहर निकलते हैं, तो उनमें से अधिकतर अपने आपराधिक कार्य फिर से करने लगते हैं। शराब पीने वाले अत्यधिक पीने के बाद की सुबह और अपने कार्यों के लिए अन्य परिणामों के लिए शर्मिंदा हो सकते हैं, पर मौका मिलने पर उनमें से अधिकतर फिर पी लेते हैं।

[11]जिमी एलन, ''रिपैंटेंस,'' *वट इज़ हैल लाइक? एण्ड अदर सरमन्स* (डैलस: क्रिश्चियन पब्लिशिंग कं., 1965), 164. [12]कुछ लोग दोनों परिभाषाओं को मिला लेंगे: ''मन फिराव का अर्थ है कि आप शर्मिंदा हैं कि आपने पाप किया, सो आप पाप करना बंद करके सही जीवन जीना आरम्भ कर देते हैं।'' [13]अपने कामों द्वारा मन फिराव को दर्शाने वाले लोगों के और उदाहरण दिए जा सकते हैं, जिनमें जक्कई और फिलिप्पी दारोगा हैं। [14]आप यह ज़ोर दें कि जीवन में आवश्यक परिवर्तन के भार के रूप में, *वापस आना* आवश्यक हो सकता है। उदाहरण के लिए, यदि किसी ने कोई मुर्गा चुराया हो और फिर मन फिरा ले, तो उसे मुर्गे के मालिक के पास लौटना आवश्यक होगा। यदि मुर्गा पहले ही खाया जा चुका है, तो इसे मालिक के पास लौटाने का कोई तरीका नहीं है। [15]इस बात को समझें कि आम तौर पर, मन फिराव के समय जीवन का *पूरी तरह से* परिवर्तन नहीं होता, परन्तु *कुछ* परिवर्तन स्पष्ट दिखाई देना आवश्यक है। प्रभु में जीवन काल में बढ़ने के लिए आरम्भ करना आवश्यक है। [16]बाइबल के और उदाहरण भी दिए जा सकते हैं (उदाहरण के लिए, उड़ाऊ पुत्र की कहानी [देखें लूका 15:17, 18])। [17]यूनानी शब्द का अनुवाद ''पछताया'' (NASB), ''पश्चात्ताप किया'' (KJV) और ''अपना मन बदला'' (NIV) ''मन फिराने'' के लिए सामान्य शब्द नहीं बल्कि एक मेल खाता शब्द है। [18]कुछ प्रचारक मन फिराव को इस प्रकार समझाते हैं: वे यह कहते हुए एक दिशा में चलते हैं, ''अपने जीवन के आरम्भ में, 'ज़िम्मेदारी की उम्र' तक पहुंचने से पहले हम परमेश्वर की ओर चल रहे हैं।'' फिर वे रुककर 180 डिग्री पर [यानी सीधे पीछे की ओर] घूम जाते हैं और कहते हैं, ''पर फिर हम उस उम्र में पहुंचे जब हम पाप करने लगे और फिर परमेश्वर से दूर हो गए।'' दूसरी दिशा में वे थोड़ा आगे चलते हुए, आम तौर पर लोगों के जीवन में आने वाले पाप की बात करते हुए बातें करते हैं। वे रुककर कहते हैं, ''पर तब हम में से कुछ लोग अपने पापों से *मन फिराते* हैं। इसका अर्थ यह है कि हम अपने गलत रास्तों को देखकर *बदलने का निश्चय करते* हैं, जिस कारण हम एकदम मुड़कर परमेश्वर की ओर वापस आ जाते हैं।'' वे घूमकर उस ओर बढ़ते हैं, जिस ओर से उन्होंने पहले आरम्भ किया था। [19]ऐलन, 168. [20]पाप के सांसारिक परिणाम अलग-अलग हैं और उनके कारण भी अलग-अलग हैं, परन्तु मूल सच्चाई यह है कि ''पाप, पाप ही है।''

[21]मसीही बनने और घर वापसी पर बात करना यहां सही हो सकता है-और यह कि मन फिराव किसी के जीवन में क्या काम करता है। [22]यह शिक्षा कुछ-कुछ उन दो आयतों पर आधारित है, जो परमेश्वर के क्षमा देने या मन फिराव देने की बात करती हैं (प्रेरितों 5:30, 31; 11:18)। परमेश्वर मन फिराव इस बात में ''देता है'' कि (1) वह हमें मन फिराव का *अवसर* देता है और (2) वह हमें मन फिराव की *प्रेरणा* देता है। [23]मैक्गार्वे, 103. [24]यीशु ने अपने चेलों को बताया कि वह उनके लिए जगह तैयार करने जा रहा है (यूहन्ना 14:2)। [25]नरक शैतान और उसके दूतों के लिए ''तैयार किया गया'' था, परन्तु शैतान के पीछे जाने वाले लोग भी वहीं जाएंगे (मत्ती 25:41)। [26]यदि प्रवचन में आपने पहले नहीं बताया, तो अभी बताएं कि मसीही कैसे बनना है (प्रेरितों 2:38) और किस प्रकार परमेश्वर के भटके हुए बालक को वापस लाया जा सकता है (प्रेरितों 8:22)। आपको यह भी ध्यान दिलाना चाहिए कि मन फिराव *अपने आप में* काफ़ी नहीं है अर्थात यह कि परमेश्वर की इच्छा को पूरा करने के लिए यह काम करने का कारण होना चाहिए (ऐलन, 169-70)।